News On AIR
https://newsonair.gov.in › News › ti...

Economic Survey envisages Indian economy to grow at 6.5 % in 2023-24 fiscal; CEA says India to be 5 trillion dollar economy by 2025-26

01-Feb-2023 — Economic Survey envisages Indian economy to grow at 6.5 % in 2023-24 fiscal; CEA says India to be 5 trillion dollar economy by 2025-26.

## GDP

- 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए, सकल घरेलू उत्पाद (GDP) को प्रति वर्ष कम से कम 6.5% बढ़ना होगा ?
  - गलत !
- भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा, चाहे GDP वृद्धि दर कितनी भी हो ?
  - हाँ, जब तक वृद्धि दर नकारात्मक न हो।

**Prelims 2015**

भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:


1. पिछले दशक में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर लगातार बढ़ती रही है।
2. पिछले दशक में बाजार कीमतों पर (रूपयों में) सकल घरेलू उत्पाद लगातार बढ़ता रहा है।


ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 **(b) केवल 2** (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

***Note:*** *GDP का आकार, GDP की वृद्धि दर का स्वाभाविक परिणाम है।*

***Explanation***




यदि नीतियां (Policy), अर्थव्यवस्था के लिए है,
➢ GDP वृद्धि दर पिछले वर्ष से बेहतर होगी

यदि नीतियां, अर्थव्यवस्था के लिए खराब है,
➢ GDP वृद्धि दर पिछले वर्ष से खराब होगी

जब तक वृद्धि दर सकारात्मक (Positive) है, GDP का आकार बढ़ता रहेगा ।

सरकार नीति बनाती है → नीति अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है
प्रभाव आने में 2-3 दिन/वर्ष/दशकों लग सकते हैं

सरकार की नीति के अलावा, अन्य कारक भी वृद्धि दर को प्रभावित करते है। जैसे 'आधार प्रभाव' (Base Effect), कच्चे तेल की कीमते, अन्य देशों की अर्थव्यवस्था आदि।

NDTV
https://www.ndtv.com › All India
India To Become $5 Trillion Economy By 2025, Says PM Modi In Davos ...
23-Jan-2018 — Davos: India is poised to become a $5 trillion dollar economy by 2025, Prime Minister Narendra Modi said today as he addressed world...

Business Standard
https://www.business-standard.com › ...
India's economy to double in size to $5 trillion by 2022: PM Modi
20-Sept-2018 — Prime Minister Narendra Modi said Thursday the size of Indian economy will double to $5 trillion by 2022 with manufacturing and agriculture ...

Live Mint
https://www.livemint.com › policy
Maths does not matter, India will be a $5-trillion economy: Piyush Goyal
13-Sept-2019 — Commerce and industry minister Piyush Goyal stoked a controversy on Thursday when he said India's decision to become a $5-trillion economy ...





**6% प्रति वर्ष की दर से बढ़ रही है**



**8% प्रति वर्ष की दर से बढ़ रही है**

GDP को बैंक FD की तरह और GDP वृद्धि दर को FD की ब्याज दर की तरह समझें।
6% की दर से बढ़ने वाली FD, 8% की दर से बढ़ने वाली FD की तुलना में, धीमी गति से दोगुनी होगी।

**Question:**
एक बैंक आपको 6% चक्रवृद्धि ब्याज/वर्ष वाली Fixed Deposit का Offer दे रहा है। बैंक का दावा है कि आपके 3 लाख रुपये, 5 साल में 5 लाख रुपये हो जाएंगे।
क्या आप निवेश करेंगे?

**वृद्धि दर- 6%; समय-10 वर्ष**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 101 | 111 | 121 | 131 | 141 | 151 | 161 | 171 | 181 | 191 |
| 102 | **112** | 122 | 132 | **142** | 152 | 162 | 172 | 182 | 192 |
| 103 | 113 | 123 | 133 | 143 | 153 | 163 | 173 | 183 | 193 |
| 104 | 114 | 124 | **134** | 144 | 154 | 164 | 174 | 184 | 194 |
| 105 | 115 | 125 | 135 | 145 | 155 | 165 | 175 | 185 | 195 |
| **106** | 116 | **126** | 136 | 146 | 156 | 166 | 176 | 186 | 196 |
| 107 | 117 | 127 | 137 | 147 | 157 | 167 | 177 | 187 | 197 |
| 108 | 118 | 128 | 138 | 148 | 158 | 168 | 178 | 188 | 198 |
| 109 | **119** | 129 | 139 | 149 | **159** | **169** | **179** | 189 | 199 |
| 110 | 120 | 130 | 140 | **150** | 160 | 170 | 180 | 190 | 200 |

**वृद्धि दर- 8%; समय-10 वर्ष**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 101 | 111 | 121 | 131 | 141 | 151 | 161 | **171** | 181 | 191 | 201 | 211 |
| 102 | 112 | 122 | 132 | 142 | 152 | 162 | 172 | 182 | 192 | 202 | 212 |
| 103 | 113 | 123 | 133 | 143 | 153 | 163 | 173 | 183 | 193 | 203 | 213 |
| 104 | 114 | 124 | 134 | 144 | 154 | 164 | 174 | 184 | 194 | 204 | 214 |
| 105 | 115 | 125 | 135 | 145 | 155 | 165 | 175 | **185** | 195 | 205 | 215 |
| 106 | 116 | **126** | **136** | 146 | 156 | 166 | 176 | 186 | 196 | 206 | **216** |
| 107 | **117** | 127 | 137 | **147** | 157 | 167 | 177 | 187 | 197 | 207 | 217 |
| **108** | 118 | 128 | 138 | 148 | 158 | 168 | 178 | 188 | 198 | 208 | 218 |
| 109 | 119 | 129 | 139 | 149 | **159** | 169 | 179 | 189 | 199 | 209 | 219 |
| 110 | 120 | 130 | 140 | 150 | 160 | 170 | 180 | 190 | **200** | 210 | 220 |

- यदि **GDP**, 10 साल तक 6% की दर से बढ़ती रहे, तो 10 साल बाद यह 1.8 गुना हो जाएगी
- यदि **GDP**, 10 साल तक 8% की दर से बढ़ती रहे, तो 10 साल बाद यह 2.1 गुना हो जाएगी

**Test yourself**
**GDP**, 6% वार्षिक वृद्धि दर से 8 साल में double हो सकती है? नहीं

**Tips for CSAT paper** *72 का नियम*

**72 = दर x समय**

लगभग कितने वर्षों में पैसा दोगुना हो जाएगा, यह पता लगाने के लिए, बस **72 को ब्याज दर से विभाजित कर दें**। उदाहरण:
**6%** चक्रवृद्धि ब्याज से बढ़ने वाला पैसा (या **GDP**) दोगुना हो जाएगा **72÷6** ≈ **12 साल में** (लगभग)
**7%** चक्रवृद्धि ब्याज से बढ़ने वाला पैसा (या **GDP**) दोगुना हो जाएगा **72÷7** ≈ **10.2 साल में** (लगभग)
**8%** चक्रवृद्धि ब्याज से बढ़ने वाला पैसा (या **GDP**) दोगुना हो जाएगा **72÷8** ≈ **9 साल में** (लगभग)
**9%** चक्रवृद्धि ब्याज से बढ़ने वाला पैसा (या **GDP**) दोगुना हो जाएगा **72÷9** ≈ **8 साल में** (लगभग)
**10%** चक्रवृद्धि ब्याज से बढ़ने वाला पैसा (या **GDP**) दोगुना हो जाएगा **72÷10** ≈ **7.2 साल में** (लगभग)

**Prelims 2017**
'वस्तु एवं कर सेवा (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स/GST)' के कियान्वित किये जाने का/के सर्वाधिक संभावित लाभ क्या है/हैं ?
1. यह भारत में बहु-प्राधिकरणों द्वारा वसूल किये जा रहे बहुल करों का स्थान लेगा और इस प्रकार एकल बाजार स्थापित करेगा।
2. यह भारत के 'चालू खाता घाटे' को प्रबलता से कम कर उसके विदेशी मुद्रा भण्डार को बढ़ाने हेतु उसे सक्षम बनाएगा।
3. यह भारत की अर्थव्यवस्था की संवृद्धि और आकार को बृहद रूप से बढ़ाएगा और उसे निकट भविष्य में चीन से आगे निकल जाने योग्य बनाएगा।

सही उत्तर का चयन करें -
**(a) केवल 1** (b) केवल 2 और 3 (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2, 3

**Practice question**
5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से क्या लाभ होंगे ?
1. सबके पास मकान होगा
2. हर घर में शौचालय होगा
3. किसानों की आय दोगुनी होगी
4. किसी बच्चे को भूखा नहीं सोना पड़ेगा

सही उत्तर का चयन करें -
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
(c) केवल 4 **(d) कोई नहीं**

- सोशल मीडिया अवास्तविक आशावाद से भरा है
- ऐसे संदेश आम जनता के लिए बनाए जाते हैं
- Exam में आपके उत्तर इनसे प्रभावित नहीं होने चाहिए

***GDP के अनुसार भारत की वैश्विक रैंकिंग***

| Rank | Method | Size |
|---|---|---|
| 3 | GDP (PPP) | $ 11 trillion |
| 5 | GDP (nominal) | $ 3.5 trillion |
| 127 | GDP (PPP) per capita | $ 8293 (₹ 6.8 lakh) |
| 139 | GDP (nominal) per capita | $ 2466 (₹ 2.0 lakh) |

***Exact numbers याद करने की जरुरत नहीं है।***
***बस एक approx idea रखें।***

| Rank | Country | GDP (PPP) |
|---|---|---|
| 1 | China | $30 trillion |
| 2 | USA | $25 trillion |
| 3 | India | $11 trillion |
| 4 | Japan | $6 trillion |
| 5 | Germany | $5 trillion |

| Rank | Country | GDP (nominal) |
|---|---|---|
| 1 | USA | $25 trillion |
| 2 | China | $18 trillion |
| 3 | Japan | $4.3 trillion |
| 4 | Germany | $4.0 trillion |
| 5 | India | $3.5 trillion |

**MoSPI के अनुसार प्रति व्यक्ति आय**
मौजूदा कीमत पर : ₹ 1.48 लाख (2022)
स्थिर मूल्य पर : ₹ 92,583 (2022)
मौजूदा कीमत पर : ₹ 1.72 लाख (2023 अनुमानित)



ALL INCLUSIVE IAS

**Practice Question for CSAT**

नॉमिनल GDP के के अनुसार , भारत 2007 में $1 ट्रिलियन और 2014 में $2 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बन गया। यदि सरकार इस वृद्धि दर को बनाए रख पाती है, तो 2021 और 2028 में भारत की अर्थव्यवस्था का आकार क्या होगा?

(a) $3 trillion and $4 trillion
**(b) $4 trillion and $8 trillion**
(c) $5 trillion and $10 trillion
(d) $6 trillion and $12 trillion

Fortune India
https://www.fortuneindia.com › macro › india-can-bec...
India can become $47 trillion economy by 2047: Piyush ...
22-Feb-2023 — It is not at all inconceivable for India to achieve an economy of $47 trillion by 2047, Piyush Goyal, Union Minister of Commerce & Industry, ...

Live Mint
https://www.livemint.com › economy › india-to-beco...
India to become a $26 trillion economy by 2047: EY report
18-Jan-2023 — NEW DELHI : The Indian economy is likely to reach the $26 trillion mark by 2047, the 100th year of the country's independence, according to ...

**आगामी सरकारों और उनकी आर्थिक नीतियों की जानकारी न होने के बावजूद ऐसी भविष्यवाणियां की जाती हैं। कैसे?**

- सामान्यतः विकासशील देशों की GDP वृद्धि दर विकसित देशों की तुलना में अधिक होती है।
  - आमतौर पर, छोटी अर्थव्यवस्था (देश) बड़ी अर्थव्यवस्था (देश) की तुलना में तेजी से बढ़ती है
  - वृद्धि दर:- विकासशील देश 6-7%, विकसित देश 2-3%
- 6-7% की दर से बढ़ने वाले देश, धीरे-धीरे, 2-3% की दर से बढ़ने वाले देशों से आगे निकल जाएंगे
  - 2012 में, भारत (जापान को पीछे छोड़ते हुए) तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (PPP) बन गया
  - 2022 में, भारत (UK को पीछे छोड़ते हुए) पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (नॉमिनल) बन गया


**Mains 2021** भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वर्ष 2015 के पूर्व तथा वर्ष 2015 के पश्चात की परिकलन विधि में अंतर की व्याख्या कीजिये । (150 शब्द)

**राष्ट्रीय लेखा प्रणाली**
**(System of National Accounts)**

- राष्ट्रीय खातों के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक
- संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग (UN Statistical Commission) द्वारा
- पहली बार 1953 में जारी हुआ था
- नवीनतम संस्करण 2008 में जारी हुआ

| | पहले | अब |
|---|---|---|
| **Base year में बदलाव** | आधार वर्ष 2004-05 था | आधार वर्ष 2011-12 है |
| **SNA का उपयोग** | GVA की गणना कारक लागत (Factor Cost) पर की जाती थी | GVA की गणना मूल क़ीमत (Basic Price) पर की जाती है |
| **MCA21 का उपयोग** | 'उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण' (Annual Survey of Industries) का उपयोग किया जाता था, जिससे 2 लाख कंपनियों का डेटा मिलता था | MCA21 डेटाबेस का उपयोग किया जाता है, जिससे 5 लाख कंपनियों का डेटा मिलता है |
| **E L I Method का उपयोग** | 'श्रम निवेश पद्धति' (Labour Input Method) का उपयोग किया जाता था । (इसके अनुसार सभी श्रमिक समान वैल्यू जोड़ते हैं।) | 'प्रभावी श्रम निवेश पद्धति' (Effective Labour Input Method) का प्रयोग किया जाता है। (इसके अनुसार अधिक कुशल श्रमिक अधिक वैल्यू जोड़ते हैं।) |

**मूल्य वर्धन (Value Added)**





**GVA (कारक लागत पर)**
↓ *+ (उत्पादन कर - उत्पादन सब्सिडी)*
**GVA (मूल कीमत पर)**
↓ *+ (उत्पाद कर - उत्पाद सब्सिडी)*
**GDP (बाजार मूल्य पर)**

**उत्पादन कर vs उत्पाद कर**

- **उत्पादन-कर/सब्सिडी** उत्पादन पर लागू होते हैं (उत्पादन की वास्तविक मात्रा पर लागू नहीं होते, चाहे मात्रा कितनी भी हो)
  - **उत्पादन कर** – भू-राजस्व, स्टाम्प (Stamp) और पंजीकरण शुल्क, व्यवसाय पर कर (Tax)
  - **उत्पादन सब्सिडी** - रेलवे को सब्सिडी, ग्रामीण और छोटे उद्योगों को सब्सिडी
- **उत्पाद-कर/सब्सिडी** प्रति इकाई उत्पाद पर लागू होती है
  - **उत्पाद कर** - उत्पाद शुल्क (Excise Duty), बिक्री कर (Sales tax), सेवा कर, आयात-निर्यात शुल्क
  - **उत्पाद सब्सिडी** – फ़ूड, पेट्रोलियम और उर्वरक सब्सिडी

***Source:*** *https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1903091*





**EXAM में, यदि आपको अंदाजा लगाना हो, तो आप क्या चुनेंगे?**

GVA में किस क्षेत्र की हिस्सेदारी ज्यादा है?

- कृषि या उत्पादन? **कृषि**
- उत्पादन या निर्माण? **उत्पादन**
- निर्माण या खनन? **निर्माण**

कृषि > उत्पादन > निर्माण > खनन




<u>**नोट**</u>: *यहां दिए गए आंकड़े **MoSPI** के **2021-2022** के 1st संशोधित अनुमानों (मौजूदा कीमतों पर; आधार वर्ष:-2011-12) से लिए गए है । समय के साथ इनमे कुछ बदलाव होते रहेंगे । Exam के लिए, बस एक approx आईडिया रखें ।*

---

**Prelims 1999**

1980 के बाद से, भारत के कुल सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में तृतीयक क्षेत्र की भागेदारी :

<u>**(a) बढ़ती प्रवृत्ति दिखाई**</u>
(b) घटती प्रवृत्ति दिखाई
(c) स्थिर रहा
(d) उतार-चढ़ाव रहा है

---

**Prelims 2017** निम्नलिखित में से कौन से भारत में 1991 में आर्थिक नीतियों के उदारीकरण के बाद घटित हुए हैं?

1. GDP में कृषि का अंश बृहत रूप से बढ़ गया
2. विश्व व्यापार में भारत के निर्यात का अंश बढ गया।
3. FDI का अंतर्वाह (इनफ्रलो) बढ़ गया।
4. भारत का विदेशी विनिमय भण्डार बृहत् रूप से बढ़ गया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1 और 4 <u>**(b) केवल 2, 3 और 4**</u>
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

---

**Prelims 2011** भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. पिछले पांच वर्षों में GDP की वृद्धि <u>दर लगातार बढी है।</u>
2. पिछले पांच वर्षों में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि <u>दर लगातार बढी है।</u>

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) 1 और 2 दोनों <u>**(d) न तो 1 और न ही 2**</u>

---

**Prelims 2017** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. पिछले दशक में भारत के *GDP* के प्रतिशत के रूप में कर-राजस्व में सतत वृद्धि हुई है।
2. पिछले दशक में भारत के *GDP* के प्रतिशत के रूप में राजकोषीय घाटे में सतत वृद्धि हुई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) 1 और 2 दोनों* <u>***(d) न तो 1 और न ही 2***</u>

---

**Prelims 2010**

भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में विगत एक दशक में चार गुना वृद्धि हुई है ।
2. सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिशत अंश में विगत एक दशक में कमी आई है

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 <u>**(b) केवल 2**</u>
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

---

**Practice question**

भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पिछले 5 सालों में <u>किसानों की आय</u> लगभग दोगुनी हुई है
2. पिछले 5 साल में <u>GDP</u> लगभग दोगुनी हो गई है
3. पिछले 5 साल में <u>सेंसेक्स</u> लगभग दोगुना हो गया है

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन से सही है?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 <u>**(d) केवल 3**</u>

---

## <u>शेयर बाजार</u>:- कुछ बेसिक बातें

सरकार की नीतियां खेती, खनन, विनिर्माण, बैंकिंग, बीमा, आईटी आदि पर केंद्रित हो सकती है।
सरकारी नीतियां जिस क्षेत्र/कंपनी के लिए सर्वाधिक अनुकूल होती है, वह क्षेत्र/कंपनी अधिकतम ग्रोथ करता है।



वार्षिक लाभ = 5 करोड़
वैल्यूएशन = 100 करोड़

<u>NEWS</u>: अनुकूल सरकारी नीति,
अधिक निविदाएं (Tenders)
अधिक अनुबंध (Contracts) आदि।

| | तत्काल प्रभाव | बाद में |
|---|---|---|
| वार्षिक लाभ | 5 करोड़ | 25 करोड़ |
| वैल्यूएशन | 500 करोड़ | 1000 करोड़ |

किसी कंपनी के शेयर की कीमत, उस कंपनी का वैल्यूएशन (या मार्केट कैप) है।
**निफ्टी** NSE पर सूचीबद्ध भारत की 50 सबसे बड़ी कंपनियों का सूचकांक (index) है
**सेंसेक्स** BSE पर सूचीबद्ध भारत की 30 सबसे बड़ी कंपनियों का सूचकांक (index) है



ALL INCLUSIVE IAS